पुनरीक्षित बजट वित्तीय वर्ष 2018–2019

नगर पालिका परिषद, बडौत का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2018–2019 उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद, अधिनियम 1916 की धारा 100 के अन्तर्गत वर्ष 2018–2019 का आय व्यय के पुनरीक्षित आंकडो सहित फार्म "ए" मे प्रस्तुत किया जा रहा है जो वर्ष 2017–2018 की वास्तविक आय व्यय एंव वर्ष 2018–2019 की वास्तविक आय व्यय सितम्बर 2018 पर आधारित है। विभागीय अधिकारियो की सूचना के अनुसार पुनरीक्षित करकें पुनरीक्षित बजट तैयार किया गया है।

नगर पालिका परिषद,बडौत के लिए वित्तीय वर्ष 2018–2019 का पुनरीक्षित बजट तैयार किया गया है जो अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

संक्षिप्त मे पुनरीक्षित बजट वर्ष 2018–2019 की प्रस्तावित आय व्यय की स्थिति निम्नवत हैः–

1–प्रारम्भिक अवशेष बजट वर्ष 2017–2018 (1–4–2018 के अनुसार)	रू0 10,89,93,865
2–प्रस्तावित आय पुनरीक्षित बजट वर्ष 2018–2019	रू0 48,91,74,100
योग–	रू0 59,81,67,965
3–प्रस्तावित व्यय पुनरीक्षित बजट वर्ष 2018–2019	रू0 53,25,93,000
अन्तिम अवशेष	रू0 6,55,74,965

उपरोक्त विवरणानुसार नगर पालिका परिषद,बडौत का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2018–2019 घाटे का नही है और प्रस्तावित व्यय से आय अधिक है अतः तदानुसार पुनरीक्षित बजट संतुलित है। यह भी उल्लेखनीय है कि जिन शीर्षको मे आय–व्यय का प्राविधान बढाया या घटाया गया है इसका कारण भी यथा स्थान स्पष्ट कर दिया गया है।

तदानुसार वर्ष 2018–2019 मे पालिका परिषद, की आय के रूप में निजी श्रोतो से अंकन 10,33,99,100 रूपये आदर्श नगर योजना, स्वच्छ भारत मिशन व अमृत योजना व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विकास योजना अंकन 13,00,00,000 रूपये,चौदहवां वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/अनुदानो के रूप में 25,57,75,000 रूपये आय होने की संभावना है। साथ ही 01–4–2018 के प्रारम्भिक अवशेष अंकन 10,89,93,865 रूपये को सम्मिलित करते हुए वित्तीय वर्ष 2018–2019 मे कुल अंकन 59,81,67,965 रूपये की आय संभावित है। वित्तीय वर्ष 2018–2019 मे अंकन 59,81,67,965 रूपये की आय प्राविधान को ध्यान मे रखते हुए वर्ष 2018–2019 मे अंकन 53,25,93,000 रूपये का व्यय अनुमान आंका गया है। वर्ष की समाप्ति पर अंकन 6,55,74,965 रूपये अवशेष सुरक्षित रहने की संभावना है।

पुनरीक्षित बजट वर्ष 2018–2019 अवलोकनार्थ एंव स्वीकृति हेतु सेवा मे प्रेषित है।

लेखाकार
नगर पालिका परिषद,बडौत

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,बडौत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,बडौत।